बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

पत्रांक–01 / श्रम वि०स्था०(1)10–05 / 2023............ / श्र०सं० दिनांक–1, दिनांक–

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**

वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय :– **श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त वाष्पित्र निरीक्षक (वेतन स्तर–9) का 04 (चार) पद सृजित करने के सम्बन्ध में।**

आदेश :– स्वीकृत।

श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग के पद एवं वेतनमान की वर्तमान संरचना निम्नवत् है :–

| क्र० | पद का नाम | वेतनमान | स्वीकृत पदों की कुल सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | वष्पित्र निरीक्षक<br>**(मूल कोटि)** | वेतन स्तर–09 | 02 |
| 2. | मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक<br>**(प्रोन्नति के प्रथम एवं अंतिम स्तर का पद)** | वेतन स्तर–11 | 01 |

वर्तमान में स्वीकृत पदों की विस्तृत सूची **परिशिष्ट–1** के रूप में संलग्न है।

2. राज्य में तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण के फलस्वरूप औद्योगिक इकाईयों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसमें नए–नए वाष्पित्रों का अधिष्ठापन एवं पंजीकरण भी हो रहा है। तत्समय राज्य में वाष्पित्रों की संख्या 409 थी जो वर्तमान में बढ़ कर 647 हो गयी है और लगातार इसकी संख्या में वृद्धि हो रही है जिसके कारण तकनीकी कार्यबोझ लगतार बढ़ रहा है। भारत सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में प्रत्येक 150 वाष्पित्रों के निरीक्षण हेतु 01 वाष्पित्र निरीक्षक की नियुक्ति का प्रावधान होने तथा लगातार निबंधित वाष्पित्रों की संख्या में वृद्धि होने के कारण प्रशासनिक दृष्टिकोण से वाष्पित्र निरीक्षक के पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त वाष्पित्र निरीक्षक के 04 पदों के सृजन की आवश्यकता है। तदालोक में, बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में अतिरिक्त पद सृजन हेतु निम्नरूपेण संवर्ग संरचना एवं वेतन संरचना की स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

| क्र० | पद नाम | पूर्व से स्वीकृत संवर्ग संरचना एवं वेतन संरचना | | प्रस्तावित संवर्ग संरचना / वेतन संरचना | | पदों के नवसृजन हेतु प्रस्ताव | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल पद | वेतनमान | कुल पद | वेतनमान | कुल पद | वेतनमान |
| 1. | वाष्पित्र निरीक्षक (मूल कोटि) | 02 | वेतन स्तर–09 | 2+4 = 6 | वेतन स्तर–09 | 04 (वाष्पित्र निरीक्षक) | वेतन स्तर–09 |

3. उपर्युक्त कंडिका–2 में वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त वाष्पित्र निरीक्षक के 04 (चार) पदों के सृजन की स्वीकृति निम्नरूपेण प्रदान की जाती है :–

| क्र० | पद नाम | वेतनमान/ वेतन स्तर | पदों के नवसृजन हेतु प्रस्तावित पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | वाष्पित्र निरीक्षक **मूल कोटि** | वेतन स्तर–9 | 04 |

वर्तमान में स्वीकृत पदों के अतिरिक्त सृजित किए जाने वाले पदों एवं उसके क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएँ संबंधी विस्तृत सूची **परिशिष्ट–2** के रूप में संलग्न है।

4. श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में वाष्पित्र निरीक्षक के पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त 04 पदों के सृजन के फलस्वरूप कुल अनुमानित वार्षिक व्यय ₹ 43,56,048/– (तैंतालीस लाख छप्पन हजार अड़तालीस रूपये) मात्र है (व्यय विवरणी **परिशिष्ट–3** के रूप में संलग्न है)। संभावित वित्तीय भार का वहन संबंधित विभागीय बजट शीर्ष के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

5. उपर्युक्त पद सृजन के उपरांत श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग की संरचना निम्नवत हो जायेगा :–

| क्र० | पद कोटि | पदनाम | कुल पदों की संख्या | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **मूल कोटि** | वाष्पित्र निरीक्षक | 06 | वेतन स्तर–09 |
| 2. | **प्रोन्नति के प्रथम एवं अंतिम स्तर का पद** | मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक | 01 | वेतन स्तर–11 |

6. उपर्युक्त पद सृजन के प्रस्ताव में प्रशासी पदवर्ग समिति, वित्त विभाग, बिहार, पटना एवं मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–
(दीपक आनन्द)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक–1/श्रम वि०स्था०(1)10–05/2023 2009/श्र०सं० पटना–01, दिनांक–24/6/25

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (सी०डी० सहित) बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 17.06.2025 के मद सं०–04 के क्रम में अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के सचिव/

सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / श्रमायुक्त, बिहार पटना / सभी जिला पदाधिकारी / सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी / मुख्य कारखाना निरीक्षक, बिहार, पटना / मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक, बिहार, पटना / श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना (मुख्यालय) के सभी पदाधिकारी तथा आई०टी० प्रबंधक (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ), श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/6/25

सरकार के सचिव

आई०टी० मैनेजर

परिशिष्ट–1

बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में वर्तमान में स्वीकृत/सृजित पदों की विवरणी :–

1. <u>वाष्पित्र निरीक्षक (वेतन स्तर–09)</u>

पदों की संख्या– 02

| क्र० | पदनाम/कार्यालय का नाम | क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएँ (जिला का नाम) |
|---|---|---|
| 1 | वाष्पित्र निरीक्षक, पटना अंचल, पटना | पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर (भभुआ), रोहतास, नालन्दा। |
| 2 | वाष्पित्र निरीक्षक, मुजफ्फरपुर अंचल, मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर। |

3. <u>मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक (वेतन स्तर–11)</u>

पद की संख्या– 01

| क्र० | पदनाम/कार्यालय का नाम | क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएँ |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य वाष्पित्र निरीक्षक, बिहार, पटना | संपूर्ण बिहार |

23/06/24

(दीपक आनन्द)
सरकार के सचिव
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना

परिशिष्ट–2

बिहार श्रम सेवा (तकनीकी) के वाष्पित्र निरीक्षक संवर्ग में पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त सृजित किए जाने वाले नए पदों की विवरणी :–

वाष्पित्र निरीक्षक, (वेतन स्तर–09)

नवसृजित पदों की कुल संख्या– 04

| क्र० | पदनाम/कार्यालय का नाम | क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएँ (जिला का नाम) |
|---|---|---|
| 1 | वाष्पित्र निरीक्षक, बेगुसराय | बेगुसराय, खगड़िया, जमुई, लखीसराय, मंगेर, शेखपुरा, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल। |
| 2 | वाष्पित्र निरीक्षक, बेतिया | पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सिवान, सारण। |
| 3 | वाष्पित्र निरीक्षक, भागलपुर | भागलपुर, बाँका, पूर्णियाँ, अररिया, कटिहार, किशनगंज। |
| 4 | वाष्पित्र निरीक्षक, गया | गया, अरवल, औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा। |

23/06/25

(दीपक आनन्द)
सरकार के सचिव
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना

परिशिष्ट–3

नवसृजित पदों के लिए अनुमानित व्यय की विवरणी

| क्र० | पद नाम | सृजित पद की संख्या | पे–बैण्ड | मूल वेतन | जीवन यापन भत्ता 53% | मकान भत्ता 8% या 16% | परिवहन भत्ता | चिकित्सा भत्ता | योग (1 पद पर 1 माह में होने वाले व्यय) | 1 पद पर 1 वर्ष में होने वाले व्यय | सृजित किए जाने वाले कुल पदों पर संभावित वार्षिक व्यय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | वाष्पित्र निरीक्षक | 4 | वेतन स्तर–9 | 53100 | 28143 | 4248 | 4260 | 1000 | 90751 | 1089012 | 4356048 | |
| | | | कुल– | **53100** | **28143** | **4248** | **4260** | **1000** | **90751** | **1089012** | **4356048** | |

कुल संभावित कार्मिक व्यय की राशि – (तैंतालीस लाख छप्पन हजार अड़तालीस रूपये) मात्र

23/06/25

(दीपक आनन्द)
सरकार के सचिव
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना